बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

कार्यालय आदेश

पत्रांक - 5/डी०-4-10-01 /2016- 1672 /पटना, दिनांक 05-7-16

जल संसाधन विभाग के पुनर्गठन के क्रम में विभिन्न स्वीकृत्यादेशों के द्वारा कार्यालयों के लिए स्वीकृत पद निर्धारित किये गये हैं, जो विभाग द्वारा विभिन्न पद सम्वर्गों के लिए पूर्व में निर्गत नियमावली 2014 पर आधारित हैं । स्वीकृत्यादेशों के कार्यान्वयन हेतु विभागीय कार्यालय आदेश संख्या - 5/डी०-4-10-01 /2016-1226 पटना, दिनांक 31.05.2016 निर्गत है । इस क्रम में विभिन्न कार्यालयों में हो रहे अतिरेक कर्मियों के संबंध में दिशा-निदेश निम्नवत् हैं :-

1 . यदि किसी कार्यालय विशेष में पुनर्गठन के पूर्व से पदस्थापित कर्मी हेतु पुनर्गठन के उपरान्त पद स्वीकृत नहीं हो तो वे कर्मी अतिरेक की श्रेणी में आयेंगे । परन्तु लिपिकीय सम्वर्ग में पत्राचार लिपिक, टंकक को उच्चवर्गीय/निम्नवर्गीय लिपिक के रुप में, लेखा लिपिक को वरीय/कनीय लेखा लिपिक के रुप में, प्रधान सहायक को सहायक प्रशासी पदाधिकारी के रुप में तथा सभी चतुर्थ वर्गीय कर्मियों को कार्यालय परिचारी के रुप में दर्शाया गया है, फलस्वरुप इन पदों पर कार्यरत कर्मी पद स्वीकृत न होने के कारण अतिरेक की श्रेणी में नहीं आयेंगे ।

2 . यदि किसी कार्यालय विशेष हेतु सम्वर्गवार स्वीकृत पदों की संख्या के विरुद्ध अधिक कर्मी कार्यरत हों तो उनमें से अतिरेक कर्मियों को चिन्हित किया जायेगा ।

3 . जिन कर्मियों की सेवानिवृत्ति एक वर्ष अथवा एक वर्ष से कम रह गयी हो, उन्हें अतिरेक चिन्हित नहीं किया जायेगा ।

4 . एकल महिला कर्मी को अतिरेक चिन्हित नहीं किया जायेगा ।

5 . कार्यालय विशेष में कार्यरत कनीयतम कर्मी को अतिरेक चिन्हित किया जायेगा।

6 . यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा ।

Sanjay 5/7/16

(संजय कुमार शर्मा)

संयुक्त सचिव (प्रबन्धन)

ज्ञापांक - 5/डी०-4-10-01/2016- 1672 पटना, दिनांक- 05-7-16

प्रतिलिपि:- माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग, के आप्त सचिव, बिहार, पटना /प्रधान सचिव के आप्त सचिव /सभी अभियन्ता प्रमुख /सभी मुख्य अभियन्ता /सभी संयुक्त सचिव /सभी उप सचिव/सभी अवर सचिव /सभी अधीक्षण अभियन्ता /सभी कार्यपालक अभियन्ता, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । प्रभारी एम०आई०एस० सेल को डाटा संधारण हेतु एवं प्रभारी कम्प्यूटर सेल को बेब साईट पर प्रकाशन हेतु प्रेषित ।

Sanjay 5/7/16

(संजय कुमार शर्मा)
संयुक्त सचिव (प्रबन्धन)